# मुख्यमंत्री शर्मा ने धौलपुर को लगभग 177 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी

■ भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जनता की मांग का रखा मान, मौके पर ही की फूलपुर खेल मैदान के विकास की घोषणा

**धौलपुर** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र को आत्मसात कर हमारी सरकार प्रदेश का चहुंमुखी विकास कर रही है। किसान, महिला, युवा, मजदूर सहित प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं बनाई गई हैं और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार धौलपुर जिले के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। विगत ढाई साल में धौलपुर जिले में लगभग दो हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए गए हैं। हम जनता की सुनते हैं इसलिए ना तो काम की कमी है और ना ही बजट की।

मुख्यमंत्री मंगलवार को धौलपुर के राजाखेड़ा की फूलपुर ग्राम पंचायत में लोकार्पण-शिलान्यास समारोह एवं जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लगभग 177 करोड़ रुपये के 17 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 155 करोड़ रुपये से अधिक लागत के कार्यों का लोकार्पण तथा 21 करोड़ रुपये से अधिक लागत के कार्यों का शिलान्यास शामिल है।

**प्रदेश में हर वर्ग का हो रहा सर्वांगीण विकास:** उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की जनता को पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, रोजगार सहित सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवा रही है। किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए पीएम किसान सम्मान निधि के साथ ही तीन हजार रुपये अतिरिक्त देने का काम किया है। वहीं, आज किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिल रहा है। साथ ही, 26 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, आईजीएनपी, गंगनहर, देवास, सोम कमला अंबा, माही बांध जैसी विभिन्न परियोजनाओं के जरिए प्रदेश को जल आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के बेहतर भविष्य की राह प्रशस्त कर रही है। सिर्फ ढाई वर्ष में ही 1 लाख 78 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी की सौगात मिली है। वहीं, 1 लाख 32 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है तथा 70 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की तैयारी की जा रही है। साथ ही, निजी क्षेत्र में भी साढ़े चार लाख रोजगार के अवसर सृजित किए गए हैं।

गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकसित राजस्थान का संकल्प साकार हो रहा है। अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को सशक्त एवं समृद्ध करने का काम विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से किया जा रहा है। साथ ही, महिलाओं, युवाओं सहित प्रत्येक वर्ग के सपनों को साकार किया जा रहा है। प्रदेश की कानून-व्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाया गया है।

कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त नलिनी कठौतिया, जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, संगठन जिला प्रभारी रवि नैयर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश धाधीच, जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, पूर्व विधायक बाड़ी गिर्राज सिंह मलिगा, बसेड़ी सुखराम कोली, रानी सलोटिया, राजाखेड़ा मनोरमा सिंह, प्रत्याशी नीरजा शर्मा, डॉ. शिवचरण कुशवाह सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री ने धौलपुर जिले के लिए की महत्वपूर्ण घोषणाएं:** फूलपुर के खेल मैदान में ढाई करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य, 15 करोड़ रुपये की लागत से राजाखेड़ा में मिसिंग लिंक सड़कों का निर्माण, पार्वती नदी पर 15 करोड़ रुपये की लागत से पुल निर्माण, राजाखेड़ा में कृषि उपज मंडी के लिए 37 बीघा भूमि का आवंटन, रैहनावाली और लाठवाली माता मंदिरों का 10 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार, सैंपऊ के कौलारी में नया आयुर्वेद औषधालय, पार्वती बांध से सैंपऊ तक जाने वाली नहर के दोनों तरफ पानी निकासी की समुचित व्यवस्था, बसेड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेड संख्या एवं सुविधा विस्तार, सलेमपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र।

# भुसावर में बिना रॉयल्टी व ओवरलोड दौड़ रहे डंपर व ट्रेलर ज़ब्त, ड्राइवर फरार

■ नियमों के तहत उचित कार्रवाई हुई व तीनों वाहनों पर लगा 4 लाख रुपये का जुर्माना

**भुसावर, भरतपुर** (निसं)। भुसावर थाना पुलिस और खनन विभाग ने शुक्रवार सुबह संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बजरी भरकर ले जा रहे तीन ओवरलोडेड वाहनों (डंपर व ट्रेलर) को ज़ब्त किया है। बिना वैध दस्तावेजों के संचालित हो रहे इन वाहनों पर लगभग चार लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। खास बात यह है कि कार्रवाई की भनक लगते ही चालक मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 7:00 बजे थाना पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान तीन ओवरलोडेड डंपरों और एक ट्रेलर को रोककर थाने पर खड़ा किया। इसकी सूचना तुरंत खनन और परिवहन विभाग को दी गई। सूचना मिलने पर खनन विभाग के फोरमैन वीरेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ थाना भुसावर पहुँचे। टीम ने जब बजरी से भरे इन वाहनों के दस्तावेजों की जाँच की, तो उनके पास न तो कोई ट्रांजिट पास था और न ही वैध रॉयल्टी रमन्ना मिला। इसके अलावा, मौके पर तौल करने पर तीनों वाहन ओवरलोड पाए गए। इस पूरी कार्रवाई के बाद इलाके में यह सवाल गंभीर रूप से खड़ा हो गया है कि बिना ट्रांजिट पास और रॉयल्टी के आखिर ये ओवरलोडेड वाहन क्रेशर जोन से बिना रोक-टोक बाहर कैसे निकल आए? इस लापरवाही को लेकर संबंधित व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

खनन विभाग की टीम ने नियमों (आरएमसीआर 2017 एवं नियम 54/60) के तहत उचित कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों पर कुल मिलाकर लगभग 4 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके बाद ज़ब्त किए गए वाहनों को थाने की सुपुर्दगी में दे दिया गया। पुलिस ने वाहन मालिकों और फरार चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

परिवहन विभाग के अधिकारियों के कार्य बहिष्कार पर होने के कारण शुक्रवार को विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुँच सकी। ऐसे में परिवहन नियमों के तहत आगामी और सख्त कार्रवाई शनिवार को परिवहन विभाग द्वारा की जा सकती है। भुसावर थाना पुलिस द्वारा सूचना दी गई थी कि तीन ओवरलोडेड वाहन ज़ब्त किए गए हैं। इस पर टीम को तुरंत रवाना कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## सार-समाचार

### मेरिट के आधार पर नर्सिंग ऑफिसर एवं एएनएम की भर्ती प्रक्रिया शुरू

**करौली** (निसं)। राजस्थान नर्सिंग भर्ती संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने चिकित्सा मंत्री के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर मेरिट और बोनस अंकों के आधार पर नर्सिंग ऑफिसर एवं एएनएम की भर्ती प्रक्रिया की नई विज्ञप्ति जारी करने की मांग की। संघर्ष समिति के भूर सिंह रवि कुमार सोनू कुमार आदि ने ज्ञापन में खुलासा करते हुए बताया कि स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ करने के लिए पूर्ण भर्ती वर्ष 2013 2018 और 2023 मेरिट एवं बोनस के तर्ज पर नई भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग के साथ ही उन्होंने बताया कि नर्सिंग ऑफिसर के 13500 एवं एएनएम 8500 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है।

### सामाजिक नेतृत्व व कानूनी अधिकारों की जानकारी दी

**बड़ौदा** (निसं)। एक्शनएड एसोसिएशन इंडिया के सहयोग से ग्राम पंचायत सभागार बड़ौदा में समुदाय आधारित मानवाधिकार रक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने की। प्रशिक्षण का उद्देश्य समुदाय स्तर पर ऐसे मानवाधिकार रक्षकों का विकास करना था, जो सामाजिक नेतृत्व को मजबूत करते हुए लोगों को सरकारी योजनाओं, कानूनी अधिकारों एवं सामाजिक सुरक्षा से जोड़ सकें। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में सामुदायिक प्रशिक्षक जगदीश जाट ने प्रशिक्षण की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रशिक्षित एचआरडी समुदाय और प्रशासन के बीच सेतु बनकर जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। दूसरे सत्र में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र रामराज बैरवा ने संविधान के मौलिक अधिकार, महिला एवं बाल अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध कानून, घरेलू हिंसा से संरक्षण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम तथा नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। इसके बाद संदर्भ व्यक्ति विनिता ने संगठन निर्माण, सामुदायिक नेतृत्व, सहभागिता, पारदर्शिता तथा महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंतिम सत्र में जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने कहा कि प्रशिक्षित एचआरडी सामाजिक न्याय, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, बाल अधिकार, सामाजिक सुरक्षा एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता नवीन कुमार बैरवा ने प्रेरक गतिविधियों के माध्यम से टीम भावना, नेतृत्व एवं सामूहिक कार्य के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया तथा अपने गांवों में सक्रिय रूप से कार्य कर समुदाय को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

### सेवानिवृत पुलिस कर्मियों का सम्मान किया गया

**भरतपुर** (निसं)। राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण शाखा भरतपुर के संभागीय अध्यक्ष हरी सिंह, संरक्षक भगवान सिंह की अध्यक्षता में संस्थान की मासिक संगोष्ठी पुलिस लाईन भरतपुर स्थित मीटिंग हॉल में आयोजित हुई, जिसमें सेवानिवृत पुलिस कर्मियों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। सचिव गिरधारीलाल गुप्ता ने अवगत कराया कि आज सेवानिवृत हुए मानसिंह मीना पुलिस निरीक्षक, पूरन चंद एएसआई एवं भीमसिंह कुक का माला, साफा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह तथा स्मारिका भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उक्त सेवानिवृत हुए पुलिस कर्मियों को संस्था की सदस्यता ग्रहण कराई एवं स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की शुभकामनाऐं व्यक्त की गई। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष हरीसिंह, संरक्षक भगवान सिंह, सचिव गिरधारी लाल गुप्ता, संभागीय सचिव हरभान सिंह, प्रवक्ता किशनलाल शर्मा, सांस्कृतिक मंत्री श्याम सुन्दर शर्मा, संगठन मंत्री दूल्हेराम शर्मा, बलवीर शर्मा, देवेन्द्र गुर्जर, सह सचिव भीमसिंह सोलंकी, कार्यालय मंत्री परशुराम शर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### गुरु पूर्णिमा पर पूज्य संत श्री मोनी बाबा का सम्मान

**करौली** (निसं)। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पूज्य संत श्री मोनी बाबा (अतेवा वाले) का श्रद्धापूर्वक सम्मान किया गया। इस अवसर पर करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने संत श्री के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा गुरु परंपरा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु का सान्निध्य व्यक्ति को सत्य, सेवा एवं संस्कारों के मार्ग पर अग्रसर करता है। गुरु पूर्णिमा का पर्व समाज में आध्यात्मिक चेतना, नैतिक मूल्यों एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ।गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर भी संत-महात्माओं का सम्मान एवं सत्कार कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि सुरेश शुक्ला सहित अन्य गणमान्य अतिथियों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भी पूज्य संत श्री मोनी बाबा का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव ने हिंडौन सिटी स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में पूज्य संत श्री छैयादास जी महाराज का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की।इस दौरान जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर भी संत-महात्माओं का सम्मान एवं सत्कार कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

### वृहद् वृक्षारोपण महोत्सव सम्पन्न

**भरतपुर** (निसं)। प्रधानमंत्री की अपील एक वृक्ष माँ के नाम थीम पर पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बछामदी, सेवर, भरतपुर के परिसर में शानदार वृक्षारोपण महोत्सव आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षाविद एवम समाजसेवी गिर्राज प्रसाद शर्मा,देवेंद्र तिवारी, पूर्व प्रधानाचार्य सुरेशकुमार शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार कवि हरिओम हरि, एडवोकेट लोकेंद्र सिंह मीना, परशुराम शर्मा संस्था प्रधानाचार्य नीलिमा छाबड़ा,डॉ. अशोक सिंह, धर्मेंद्र शर्मा,विष्णु शर्मा, पी टी आई मैडम सहित समस्त स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सरमथुरा में शातिर बदमाश से 2 बाइक, अवैध कट्टे व 10 कारतूस बरामद

**सरमथुरा** (निसं)। राजस्थान पुलिस मुख्यालय द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशन मै पुलिस ने अपराधियों पर बड़ी चोट करते हुए सरमथुरा थाना क्षेत्र में एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रवण कुमार चौधरी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) मनोज कुमार शर्मा एवं वृत्ताधिकारी गुलाबचंद के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी केलाशचंद के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी कर रोहित उर्फ मोनू पुत्र सुरेश धोबी, निवासी नायाकपुरा, थाना सरायछोला, जिला मुरैना (मध्यप्रदेश) तथा एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध देशी कट्टे (.315 बोर), 10 जिंदा कारतूस,जयपुर के मानसरोवर थाना क्षेत्र से चोरी की गई दो स्प्लेंडर मोटरसाइकिलें तथा वाहनों के लॉक तोड़ने में इस्तेमाल होने वाली दो मास्टर चाबियां बरामद कीं।

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी रोहित उर्फ मोनू के खिलाफ जयपुर के कोटखावदा, माणक चौक, मानसरोवर, सांगानेर, महेश नगर, बालाजी और शिप्रापथ सहित कई थाना क्षेत्रों में चोरी, हत्या के प्रयास, अवैध हथियार, आर्म्स एक्ट एवं संगठित अपराध के आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी लंबे समय से पुलिस के रडार पर था।

पुलिस को उम्मीद है कि आरोपी से पूछताछ में वाहन चोरी गिरोह, अवैध हथियार तस्करी और अन्य आपराधिक वारदातों से जुड़े कई महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं। पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है, जबकि विधि से संघर्षरत बालक को नियमानुसार निरुद्ध किया गया है।

इस सफल कार्रवाई में थानाधिकारी केलाशचंद, हेड कांस्टेबल भगवान स्वरूप, कांस्टेबल धर्मवीर सिंह, विनोद कुमार, पवन कुमार एवं भरोसीराम की टीम मौजूद रही। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# लायन्स क्लब भरतपुर ब्रज ने 51 पौधे लगाए

**भरतपुर** (निसं)। लायंस इंटरनेशनल के प्रकल्प एक पेड़ शांशो के लिए के अंतर्गत लायंस क्लब भरतपुर ब्रज द्वारा पानी की टंकी सेक्टर 3 वाले पार्क में 51 पौधे लगाये गए जिसमे कदम्ब, पीपल, वेळ पत्र, आवला, गुड़हल, करंज, बड़, नीम आदि फूल एवं छायादार पेड़ शामिल है क्लब अध्यक्ष लायन मुकुल गोयल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायन्स क्लब के मुख्य कैबिनेट सेक्रेटरी अवाड्र्स लायन पीएमजेएफ राम कुमार गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि जोन चेयरपर्सन लायन एमजेएफ ओमप्रकाश गुप्ता (अचार वाले) एवं नर्वदेश्वर महादेव मंदिर सेक्टर 3 के महंत महेंद्र शर्मा रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक लायन एमजेएफ सतीश मित्तल, क्लब सचिव लायन पीएमजेएफ योगेश गोयल, कोषाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, प्रमेन्द्र गुप्ता, राकेश मित्तल, कृष्ण कुमार शर्मा, सोहन सिंह, योगेंद्र सिंह सहित कई उपस्थित रहे।

# एमजीजीएस हिंडौन सिटी में आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**हिंडौन सिटी** (निसं)। महात्मा गांधी गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हिंडौन सिटी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को एआई तकनीक के प्रभावी उपयोग से परिचित कराना तथा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक नवाचारपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण बनाना था।

कार्यशाला में शिक्षकों को विभिन्न ए आई टूल्स, विशेष रूप के शैक्षिणक उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि एआई की सहायता से शिक्षक प्रभावी लेसन प्लान, शिक्षण सामग्री, कार्यपत्रक, मूल्यांकन उपकरण तथा विद्यार्थियों की सीखने की आवश्यकताओं के अनुरूप गतिविधियाँ सरलता से तैयार कर सकते हैं। साथ ही कक्षा शिक्षण, फीडबैक एवं मूल्यांकन प्रक्रिया में एआई के उपयोग के व्यावहारिक पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रिंसिपल प्रकाश सिंह बेनीवाल ने आधुनिक शिक्षा में तकनीक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एआई आधारित शिक्षण विद्यार्थियों की सीखने की गुणवत्ता को नई दिशा देगा तथा शिक्षकों की कार्यक्षमता को और अधिक प्रभावी बनाएगा। इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन से गोपाल सिंह एवं चेतन शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने एआई आधारित शिक्षण की उपयोगिता, डिजिटल नवाचार तथा भविष्य की शिक्षा व्यवस्था में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा भविष्य में भी इस प्रकार के नवाचार आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन पर बल दिया।

# अंगदान से बनते हैं नए जीवन : जिला कलेक्टर

**करौली** (निसं)। जिला कलेक्ट्रेट में अंगदान करने और समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया और जिला कलेक्टर ने अंगदान के फोल्डर का विमोचन किया। अंगदान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अंगदान के महत्व की जानकारी प्राप्त की। अंगदान कार्यक्रम की जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने प्रशंसा करते हुए कहा की अंगदान महादान है और अंगदान से नए जीवन बनते हैं।

इस मौके पर कार्यक्रम के नोडल प्रभारी डॉ. राकेश कुमार चौधरी और डॉ. रेखा कुमारी धाकड़ ने अंगदान की प्रक्रिया और जरूरतमंद मरीजों को मिलने वाले नए जीवन के बारे में विस्तृत जानकारी दी टीम के सदस्य नीरज शर्मा नर्सिंग ऑफिसर एवं पुष्पेंद्र गुप्ता ने ऐसे जागरूकता अभियानों में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया इससे पूर्व जिला अस्पताल करौली में अंगदान करने और समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें सभी डॉक्टर तथा पैरामेडिकल स्टाफ ने अंगदान के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। सभी ने अंगदान करने के कार्यक्रम की सराहना की तथा अंगदान को साथ मिलकर और आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। टीम के नोडल प्रभारी डॉ. राकेश कुमार चौधरी ने अंगदान की प्रक्रिया और जरूरतमंद मरीजों को मिलने वाले नए जीवन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# सीएमएचओ ने चिकित्सा संस्थाओं का औचक निरीक्षण

**करौली** (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की आमजन तक समयबद्ध सेवाओं की जानकारी हेतु सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीणा ने पीएचसी चैनपुर बर्रिया और महोली का औचक निरीक्षण किया जिसमें अनुपस्थित मिले चिकित्सा अधिकारी -कार्मिको को कारण नोटिस दिए। इस दौरान डीपीसी -आईईसी लखन सिंह लोधा मौजूद रहे।

सीएमएचओ द्वारा पीएचसी चैनपुर बर्रिया के निरीक्षण दौरान चिकित्सा अधिकारी और कार्मिक अनुपस्थित मिले। संस्था पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों से कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी जुटाई एवं हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली गर्भवती महिलाओं से निरंतर संपर्क बनाने के निर्देश दिए। मौसमी बीमारियों से निपटने और मच्छर जनित बीमारियों से बचाव की जागरूकता के लिए पाबंद किया। निरीक्षण के दौरान पीएचसी महोली में चिकित्सा अधिकारी रजिस्टर में हस्ताक्षर कर मौके से नदारद पाए। अन्य व्यवस्थाएं संतोजनक पाई गई। मौसमी बीमारियां, मच्छर जनित बीमारियां और जल जनित बीमारियों से बचाव और इलाज की जागरूकता के लिए पाबंद किया एवं एफसीएम इंजेक्शन की प्रदायगी की बढ़ाने के निर्देश दिए।दोनों संस्था के चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए।

# कलेक्टर ने पोस्टर का विमोचन किया

**करौली** (निसं)। जिले को नशामुक्त बनाने और युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक व रचनात्मक दिशा में मोड़ने के उद्देश्य से, जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा द्वारा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। जिला कलेक्टर ने युवाओं और जिलेवासियों को माय भारत पोर्टल पर नशा मुक्त युवा शपथ लेने की अपील की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नशा मुक्त भारत और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 2 अगस्त 2026 को "विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा संकल्प अभियान" का शुभारम्भ करेंगे। इसमें देश के युवाओं से जन भागीदारी की भावना के जरिए मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ जन आंदोलन का नेतृत्व करने का आव्हान किया है।

# करौली रोडवेज डिपो का स्वतंत्र संचालन शीघ्र प्रारम्भ कराया जाए : नागरिक परिषद

**करौली** (निसं)। करौली नागरिक परिषद ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर करौली रोडवेज डिपो के स्वतंत्र संचालन की वर्षों पुरानी एवं न्यायोचित मांग पर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई कराने की मांग की है।

परिषद ने कहा कि इस संबंध में पूर्व में अनेक ज्ञापन एवंजनप्रतिनिधियों के माध्यम से राज्य सरकार तथाराजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज तक करौली रोडवेज डिपो का स्वतंत्र संचालन प्रारम्भ नहीं हो सका है। नागरिक परिषद के अध्यक्ष एडवोकेट ऊधौ सिंह ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि वर्ष 2010-11 के बजट में करौली रोडवेज डिपो की घोषणा के बाद डिपो भवन,कार्यशाला, बसों के आवंटन सहित आवश्यक आधारभूत व्यवस्थाएँ विकसित की जा चुकी हैं। वर्तमान रोडवेज परिसर स्वतंत्र डिपो संचालन के लिए पर्याप्त है। यदि भविष्य में कार्यशाला विस्तार के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता हो तो उसकी व्यवस्था पृथक रूप से की जा सकती है, किन्तु इस आधार पर स्वतंत्र संचालन को और अधिक विलंबित करना न तो उचित है और न ही जनहित में है परिषद के पदाधिकारी अध्यक्ष ऊधौ सिंह एडवोकेट, वेणुगोपाल शर्मा, मदन मोहन स्वामी, चौरजी सिंह ने ज्ञापन में बताया कि लगभग डेढ़ दशक बीत जाने के बावजूद करौली जिले की जनता स्वतंत्र रोडवेज डिपो की सुविधा से वंचित है, जबकि समान अवधि में घोषित अन्य जिलों में स्वतंत्र डिपो सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। इसका प्रतिकूल प्रभाव जिले के लाखों नागरिकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों, व्यापारियों, महिलाओं तथा ग्रामीण क्षेत्र के यात्रियों पर पड़ रहा है। साथ ही धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण करौली जिले के समग्र विकास और परिवहन व्यवस्था पर भी इसका असर दिखाई दे रहा है।नागरिक परिषद ने जिला कलेक्टर से आग्रह किया कि पूर्व में प्रस्तुत सभी ज्ञापनों एवं जनभावनाओं को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार एवं राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के उच्च अधिकारियों से प्रभावी समन्वय स्थापित कर वर्तमान रोडवेज परिसर से ही करौली रोडवेज डिपो का स्वतंत्र संचालन शीघ्र प्रारम्भ कराया जाए। परिषद ने विश्वास व्यक्त किया कि जिला प्रशासन के सकारात्मक प्रयासों से जिले की वर्षों पुरानी यह महत्वपूर्ण मांग शीघ्र पूरी होगी और आमजन को बेहतर एवं सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। ज्ञापन देने के अवसर पर नरेंद्र सिंह टटवाई, ओम प्रकाश सिंह रामपुरा, जितेंद्र मित्तल, अतर सिंह आदि अनेक परिषद के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जुआ सट्टे के अपराध में वर्षों से लिप्त एक दर्जन अपराधी गिरफ्तार

**धौलपुर** (निसं)। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस द्वारा संगठित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन संहार के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धौलपुर वैभव शर्मा आरपीएस के निर्देशन में तथा कृष्णराज जांगिड़ आरपीएस वृत्ताधिकारी वृत्त धौलपुर के निकटतम सुपरविजन में पुलिस थाना कोतवाली द्वारा थानाधिकारी रामकिशन यादव पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में जुआ/सट्टे के अपराध में वर्षों से लिप्त संगठित अपराधियों के विरुद्ध धारा बीएनएस में कार्यवाही करते हुए कुल 10 संगठित अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 14 हजार 130 रूपये जुआ/सट्टा राशि को जब्त कर मुल्जिमों के विरूद्ध थाना पर धारा बीएनएस व आरपीजीओ में अलग-अलग मामला दर्ज कर मुल्जिमों को जेल भेजा गया है।

घटना विवरण जुआ दिनांक 27 जुलाई 2026 को मुकेश कुमार एएसआई मय जाप्ता द्वारा जुआ के अपराध में वर्षों से लिप्त संगठित अपराधियों के विरूद्ध धारा बीएनएस में कार्यवाही करते हुए कुल 04 संगठित अपराधी श्रीभगवान, तुषार, साहब सिंह व ओमवीर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 7040 रूपये जुआ राशि को जब्त कर मुल्जिमों के विरूद्ध थाना पर मामला दर्ज कर मुल्जिमों को जेल भेजा गया है। व नरेन्द्र सिंह हैड कांस्टेबल मय जाप्ता द्वारा जुआ के अपराध में वर्षों से लिप्त संगठित अपराधियों के विरूद्ध धारा बीएनएस में कार्यवाही करते हुए कुल 03 संगठित अपराधी प्रशांत शर्मा, अंकित व अमजद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 5070 रूपये जुआ राशि को जब्त कर मुल्जिमों के विरुद्ध थाना पर मुकदमा दर्ज कर मुल्जिमों को जेल भेजा गया है।

घटना विवरण सट्टा दिनांक 27 जुलाई 2026 को लोकेन्द्र सिंह एएसआई मय जाप्ता द्वारा सट्टा के अपराध में वर्षों से लिप्त संगठित अपराधी दीपक जिसके विरूद्ध जुआ अधिनियम के तहत कुल 47 प्रकरण दर्ज हैं। जिसके विरूद्ध धारा बीएनएस में कार्यवाही करते हुए मुल्जिम दीपक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 1020 रूपये सट्टा राशि मय सट्टा उपकरण को जब्त कर मुल्जिम के विरूद्ध थाना पर धारा बीएनएस व आरपीजीओ में प्रकरण दर्ज कर मुल्जिम को जेल भेजा गया है।

# स्व. होतीलाल पाराशर की 21वीं पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण कर श्रद्धांजलि दी

■ स्व. होतीलाल पाराशर की नगर विकास और सार्वजनिक हित के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है

**भरतपुर** (निसं)। नगर सुधार न्यास के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं गांधीवादी विचारक स्व. होतीलाल पाराशर की 21वीं पुण्यतिथि शुक्रवार प्रात: विश्व प्रिय शास्त्री पार्क में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनकी स्मृति में वृक्षारोपण किया गया तथा उपस्थित जनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में स्व. पाराशर के परिजनों, कांग्रेस पदाधिकारियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प